समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 24 August 2026

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा झटका : अभिषेक शर्मा अस्पताल मे भंर्ती

Publisher
Published on 11 Feb 2026




**भारतीय क्रिकेट टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2026 मे अंपने ग्रुप मैच के ठीक पहले बड़ा झटका लगा है।** टीम के मुख्य ओपनर बल्लेबाज **अभिषेक शर्मा** को पेट में संक्रमण की शिकायत के कारण **दिल्ली के एक निजी अस्पताल मे भंर्ती** कराया गया है, जिससे उनकी उपलब्धता **भारत और नामीबिया के बीच होने वाले मैच के लिए अनिश्चित** हो गई है।

अभिषेक शर्मा पिछले कुछ दिन से तबीयत खराब होने की समस्या से जूझ रहे थे। कहा जा रहा है कि उन्होंने **यूएसए के खिलाफ टीम के पहले मैच मे भंी खेलते हुए तेज बुखार व पेट की परेशानी महसूस की**, और इसके बाद उनकी हालत बिगड़ती चली गई। इसके चलते वह मंगलवार को **अरुण जेटली स्टेडियम मे होंने वाली टीम प्रैक्टिस से भी बाहर रहे।**

टीम प्रबंधन ने पुष्टि की है कि अभिषेक को अस्पताल में कुछ आवश्यक टेस्ट और इलाज के लिए रखा गया है। **बीसीसीआई के एक स्त्रोत ने कहा है कि उनकी पाचन संबंधी दिक्कते अंभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है**, इसलिए यह तय नहीं है कि वह नामीबिया के खिलाफ मैच के लिए फिट होंगे या नहीं।

टीम के सहायक कोच **रयान टेन डोएशेट** ने मीडिया से कहा कि “अभि के पेट में अभी भी कुछ दिक्कतें हैं और हमें उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक होकर मैदान पर वापसी करेंगे, लेकिन फिलहाल उनकी उपलब्धता पर फैसला नहीं किया जा सकता।”

अभिषेक शर्मा की इस हालत से टीम के ओपनिंग संयोजन पर भी विचार करना पड़ सकता है, खासकर अगर वह आगामी मुकाबले में नहीं खेल पाते हैं। टीम इंडिया ने अपनी दूसरी ग्रुप स्टेज की तैयारी जारी रखी है और उम्मीद है कि जब तक वह पूरी तरह से फिट हों, तब तक टीम को इस स्थिति का सामना करने के लिए विकल्प मिल जाएंगे।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत का नामीबिया के साथ मैच **12 फरवरी 2026 को नई दिल्ली मे आंयोजित होना है।**

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.